सं.1/38/2010-निफ्ट
भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय

उद्योग भवन, नई दिल्ली,
दिनांक: ? दिसम्बर, 2010

सेवा में,

सभी राज्यों के मुख्य सचिव/संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासक

विषय : राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), नई दिल्ली में महानिदेशक के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना ।

महोदय/महोदया,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वस्त्र मंत्रालय के अधीन एक स्वायत निकाय राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति के आधार पर पे-बैंड - 4 {37,400 रु.- 67,000 रु. +10,000 रु. (ग्रेड-पे)} में महानिदेशक का पद अविलंब भरा जाना है। प्रतिनियुक्ति की अवधि तीन वर्ष रहेगी ।

2. वस्त्र, परिधान, जीवन शैली उत्पादों एवं अन्य फैशन सामग्री में भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने में सक्रिय विश्व बाजार की चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावसायियों को तैयार करने एवं प्रशिक्षित करने के लिए निफ्ट एक राष्ट्रीय स्तर का डिजाइन, प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी संस्थान है । वर्तमान में निफ्ट के नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चैन्नई, हैदराबाद, कन्नूर, पटना, कांगड़ा, गांधी नगर, बैंगलूरु, भोपाल, शिलांग, रायबरेली, जोधपुर एवं भुवनेश्वर में स्थित कुल 15 केंद्र हैं।

3. महानिदेशक संस्थान का प्रमुख कार्यकारी अधिकारी है एवं संस्थान के समुचित प्रबंधन तथा निर्देश देने एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है ।

4. अखिल भारतीय सेवाओं एवं अन्य समूह 'क' सेवा के अधिकारी, जो संयुक्त सचिव के पद पर हैं अथवा भारत सरकार में संयुक्त सचिव के रुप में नियुक्ति के लिए पैनल में शामिल हैं, इस पद के लिए पात्र हैं ।

5. आपसे इस रिक्ति को परिचालित करने एवं पात्र और इच्छुक अधिकारियों के आवेदन-पत्र, संलग्न प्रपत्र में इस मंत्रालय द्वारा इस पद हेतु चयन के लिए गठित जांच-सह-चयन समिति के विचारार्थ प्रेषित करने का अनुरोध है । आवेदन-पत्र सतर्कता निर्बाधता सहित दिनांक 20 जनवरी, 2011 तक उप सचिव (निफ्ट), वस्त्र मंत्रालय, उद्योग भवन, नई दिल्ली को भेजे जा सकते हैं ।

भवदीय,

ह/-
(एस.पी. कतनौरिया)
उप सचिव, भारत सरकार

संलग्न : उपरोक्त

प्रतिलिपि कार्रवाई हेतु प्रेषित है :

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
2. एनआईसी, वस्त्र मंत्रालय
3. सूचना पट्ट

एस.पी.कतनौरिया
(एस.पी. कतनौरिया)
उप सचिव, भारत सरकार

आवेदन प्रपत्र

1. नाम :
2. जन्म तिथि :
3. शैक्षणिक योग्यता :
4. सेवा जिससे आप संबंध रखते हैं :
5. कैडर(राज्य/वर्ष):
6. वर्तमान पद:
7. वर्तमान पद का पे-बैंड:
8. जिस तिथि से इस पद पर हैं:
9. क्या वर्तमान पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर है, यदि हां तो तिथि:
10. अनुभव का विवरण:

क्र.सं.	पद	संगठन का नाम	दिनांक (.....से....तक)	कार्यभार की प्रकृति

11. कोई अन्य संगत सूचना:

दिनांक: (अधिकारी के हस्ताक्षर)